समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# जहानाबाद : ओंकार प्रवेशिका विद्यालय केशरबाग का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

RANJEET KUMAR Published on 15 May 2026



जहानाबाद: जिले की जिलाधिकारी Alankrita Pandey ने मॉडल स्कूल ओंकार प्रवेशिका विद्यालय, केशरबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों की उपस्थिति तथा आधुनिक शिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है। इस पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन को विशेष अभियान चलाकर छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है, जब छात्र नियमित रूप से विद्यालय आएं और पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी करें।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रहे पठन-पाठन कार्य की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से कहा कि बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास करने तथा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए गए।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.